6086(E)
1/9/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 1/9/26 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर के अन्तर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-27A/Hajipur कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–13.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2439 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2595(अनु०) दिनांक–24.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–21.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-27A/Hajipur |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹14297.99 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹16279.17 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1601(अनु०) दिनांक–23.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹14419.53430 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 08 (आठ) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Shristi Developers Pvt. Ltd.
(2) M/s Surendra Prasad & Lahri Construction Private Limited
(3) Rai Raj Construction Pvt. Ltd.
(4) M/s Niranjan Sharma
(5) Sri Ram Enterprises
(6) M/s Topline Infraproject Private Limited
(7) M/s Raja Construction
(8) Agrawal Infrabuild Private Limited

4. उपभागीय ज्ञापांक–2439 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक 13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल **आठ** निविदाकारों मे से **तीन** निविदाकार यथा **(i)** M/s Niranjan Sharma **(ii)** Sri Ram Enterprises एवं **(iii)** Agrawal Infrabuild Private Limited निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते हैं फलस्वरूप तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। शेष **पाँच** निविदाकार **(i)** M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. को Section 3: Clause 2.6 के आलोक में **(ii)** M/s Surendra Prasad & Lahri Construction Private Limited को ITB Clause-17 एवं Section 3 : Clause 2.6 Section 4, D.3, Form EQU के आलोक में **(iii)** M/s Topline Infraprojects Private Limited को MBD के Section 3: Clause 1.2.3, Section 3: Clause 1.2.3 4E.10, NIT कंडिका–39 एवं Clause 1.2.1(a) के आलोक में **(iv)** Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को MBD के Section 3: Clause 1.2.1 (b) के आलोक में **(v)** M/s Raja Construction को MBD के Section 3: Clause 1.2.3, Section 3: Clause 1.2.3 4E.10, NIT कंडिका–39 एवं Clause 1.2.1 (a) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

विभागीय आदेश–141 सह पठित ज्ञापांक–5355 (S) दिनांक– 28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निर्णय लिया गया वशर्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2439 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक– RRC/26-27/201 दिनांक–14.08.2026, Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–शून्य दिनांक–14.08.2026, M/S Raja Construction का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 एवं Topline Infra Projects Pvt. Ltd. का पत्रांक–TLPPL/651/26 दिनांक–15.08.2026 के द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2595(अनु०) दिनांक–24.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–21.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार, Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक– RRC/26-27/201 दिनांक–14.08.2026, Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–शून्य दिनांक–14.08.2026, M/S Raja Construction का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 एवं Topline Infra Projects Pvt. Ltd. का पत्रांक–TLPPL/651/26 दिनांक–15.08.2026 द्वारा परिवाद/आपत्ति समर्पित किया गया है।

परिवाद/आपत्ति की समीक्षा :–

| | परिवाद/आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1 | **Rai Raj Construction Pvt. Ltd. :–**<br><br>उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर सूचित करना है कि उक्त पथ प्रण्डल हाजीपुर अंतर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Contract प्रणाली के तहत राज्य अन्तर्गत Package No.- 27 B/ Hajipur में मेरे द्वारा निविदा में भाग लिया गया था परन्तु आपके द्वारा ITB Clause- 17 के आलोक में बिड security BG के रूप में Conditional BG Upload किया गया एवं पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ के अधीन दो कार्यो यथा (1) बिहार बख्तियापुर पथ कारगिल चौक से पचासा मोड़ का चौड़ीकरण एवं (2) पथ प्रमंडल बिहारशरीफ अन्तर्गत NH-82 leftout अंश (इतवारी बाजार से उपरौरा मोड़) पथ का चौड़ीकरण कार्य न्यूनतम निविदाकार होने के फलस्वरूप आवंटन होने के बावजूद एकरारनामा नहीं किया गया। ये दोनों कारण लगाकर आपके द्वारा तकनीकी बिड में असफल किया गया है जो न्याय संगत नहीं है।<br><br>(1) पथ प्रमंडल बिहारशरीफ अन्तर्गत दो पथों में कार्य आवंटन हुआ था परन्तु कार्यपालक अभियंता द्वारा forest clearance एवं Utility shifting का NOC नहीं उपलब्ध कराने के कारण मेरे द्वारा एकरारनामा नहीं किया गया जिसके लिए अनेको बार पत्र के माध्यम से कार्यपालक अभियंता को बार–बार अनुरोध मेरे द्वारा किया गया कि अविलम्ब forest clearance एवं Utility shifting का NOC उपलब्ध कराया जाये क्योंकि दोनों पथों में Road का चौड़ीकरण करना था। बिना forest clearance एवं Utility shifting हटाये हुए कार्य करना संभव नही था छायाप्रति संलग्न। परन्तु कार्यपालक अभियंता का ज्ञापांक– 1952 दिनांक– 15.09.2025 को निविदा में जमा जमानत की राशि बैंक गारंटी दोनों पथों का जब्त करने हेतु कारवाई की गयी। इसके उपरांत ही मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय पटना के कोर्ट में मुझे जाना पड़ा। forest clearance एवं Utility shifting का NOC न प्राप्त होने के उपरांत कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत Letter No.- 1425 दिनांक– 03.07.2025 Revised Letter of Acceptance एवं Letter No.- 1426 दिनांक– 03.07.2025 Revised Letter of Acceptance दोनों LOA माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा निरस्त कर दिया गया जिसका छायाप्रति संलग्न।<br><br>अतः श्रीमान् से सादर पूर्वक अनुरोध है कि दो कारणों से तकनीकी बिड में असफल किया गया है। मेरे द्वारा साक्ष्य के साथ बिन्दुबार आवश्यक | इनके द्वारा आपत्ति दिया गया है कि ITB Clause-17 Conditional BG का कारण लगाकर तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया है। वास्तविकता यह है कि इनके द्वारा Upload किया गया Bank Guarantee को Valid मानते हुए तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मान्य किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा बिना जाँचें आधारहीन तथ्यों पर आपत्ति दिया गया है।<br><br>फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है।<br><br>इन्हें पथ प्रमण्डल, बिहारशरीफ अन्तर्गत न्यूनतम | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कागजात समर्पित के साथ अनुरोध है कि मुझे पुनः तकनीकी बिड में सफल करने हेतु पुनः विचार की कृपा की जाये। | निविदाकार होने पर आवंटित दोनों कार्य LOA निर्गत होने के बाद भी एकरारनामा नहीं किया गया जिसके कारण कार्य ससमय नहीं कराया जा सका एवं विभाग द्वारा पुनर्निविदा किया गया। उपरोक्त परिस्थिति MBD के Section 3 Clause 1.2.1 (b) record of poor performance such as abandoning the works के श्रेणी के आधार पर MBD के Section 1.2.1. (b) की Condition Fullfill नहीं करते है जिसके आलोक में इन्हें असफल घोषित किया गया है।<br><br>फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है। | |
| 2. | **Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd. :-**<br><br>उपर्युक्त विषय के प्रसंग में कहना है कि NIT No.-01/RCD/Hajipur/2026-27/ द्वारा आमंत्रित निविदा के तकनीकी मूल्यांकन में मेरा बीड असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया है जिस पर मुझे आपत्ति/परिवाद दर्ज करना है, क्योंकि निविदा प्रपत्र में वांछित शर्तों के अनुरूप मेरा तकनीकी बीड सभी अर्हत्ता को पूरा करता है। तकनीकी मूल्यांकन में मेरे बीड को दो बिन्दुओं यथा B.G की Validity Period एवं HOT MIX Plant के स्वामीत्व के आधार पर अयोग्य घोषित किया गया है जबकि उक्त बिन्दुओं के संदर्भ में विस्तृत रूप में स्पष्ट किया जाता है।<br><br>**1. B.G Validity period (180 दिन)**<br><br>Uploaded model Bid document में Bid Security के लिये एक विहित प्रपत्र (Form) संलग्न किया गया है जिसमें BId Security के लिए Obligation संबंधित शर्तों को स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है तदनुसार Bid Security form के कंडिका 5 में " **This Guarantee will remain in force up to and including the date 180 days or as it may be extended by Employer, notice of which extension (s) to the bank is here by walved. Any demand in respect of this** | निविदाकार Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd के द्वारा Uploaded Bank Guarantee की वैधता दिनांक–16.12.2026 तक ही है जो end date of Bid submission 03.07.2026 को मद्देनजर रखते हुए 180 दिनों से कम है। MBD के ITB Clause 17.3 में स्पष्ट है कि The Bank Guarantee for EMD should be valid for not less than 180 days after bid | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **guarantee should reach the Bank not later than the above date."** अंकित है। अतएव Bid Security अवधि को विस्तारित करने का प्रवधान अंकित है। इस परिस्थिति में इस अवधि (180 दिन) को Technical Bid में असफल घोषत करने का आधार बनाना सवर्था गैर तकनीकी और त्रुटिपूर्ण है। इस स्पष्टीकरण में यह वर्णन करना समाचीन है कि उक्त निविदा को प्राप्त करने के अंतिम तिथि को चार बार संशोधित किया गया है। जबकि NIT एवं संबंधित निविदा प्रपत्र Eproc-2 के Website पर Upload किये जाने के बाद भी अंतिम समय में निविदा प्राप्ति के तिथि को परिवर्तित किया जाता रहा। किसी बीड को समर्पित करने के लिये निविदाकार बैंक एवं अन्य संस्थानों/विभागों के माध्यम से B.G एवं अन्य कागजात तैयार करना पडता है और Last Moment में rushing activities से बचने के लिये एक दिन दो दिन पहले सभी कागजात तैयार किये जाते है। यह उल्लेखनीय है कि बार–बार B.G बनाने में Bank Processing fee एवं प्रक्रिया में समय लगता है जबकि एक बार B.G बना लेने पर अवधि का विस्तार करना Legally Valid है।<br><br>2. मेरे द्वारा दिये गये निविदा में HMP का स्वामित्व प्रमाण 80/100 TPH का Certificate लगा हुआ है जो 06.01.2013 का है, जो निविदा के Equipment section में मेरे द्वारा HMP स्वामित्व का Upload कागजात पूर्णतः दुष्टव्य है। मेरे द्वारा इसी HMP पलान्ट द्वारा पथ निर्माण विभाग के हाजीपुर, पटना पश्चिम , पटना सिटी, मुजफ्फपुर, समस्तीपुर पथ प्रमण्डल, में निम्नलिखित वर्णित कार्यो को ससमय सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है।<br><br>1. Strengthening of Suresh Chowk Dabaich Derua-Sukki-Sariya Ghat-Maheshi Chowk-Sujawalpur N.H Road from 0.00 to 12.00 km for the year 2018-19<br><br>2. Bill of Quantity for Widening & Strengthening of Toll Plaza NH-22 to Daulatpur Bypass road (Total Length- 10.10 km) in Vaishali Road Division, Hajipur (Under Sat Nischay-2 Sulabh Samparkata Scheme (Including H.P. Culvert, Utility Shifting etc.)<br><br>3. Development of Bypass Road from Chhitnawa (NH-30) to Usari (7.10 km) (Danapur Shiwala RCD Road) for the year 2022-23 (Under CRIF)<br><br>4. Widening & Strengthening of Lodipur (NH-30, Danapur-Maner-Bihta Road) to Painal (Shiwala Bihta Road) Length-10.00 km) under Patna West Road Division, Patna for the year 2022-23 (Under NABARD)<br><br>5. Construction/Improvement cum Output & Performance Based Road Assets Maintenance work for the road Pagara (NH-28)-Asinchowk-Maniyarpur-Kancha-Sothgama-Lagma-Mohiudinagar Railway Station-Chandani Chowk under work division Samastipur for the year 2014-15<br><br>6. I.RQ.P. cum-output and performance based road assets maintenance work for Turki (N.H.-77) to Saraiya (N.H.-102) in km 0 to 22 (Total Length-22.00 km) for the year 2014-15.<br><br>अतः स्पष्ट करना है कि निविदा में Uploaded तकनीकी बीड में वर्णित HOT Mix Plant मेरे स्वामित्व में अधीन तकनीकी रूप से गुणवत्तापूर्ण | submission end date or beyond any period of extension if requested under ITB 16.2. एवं NIT के कंडिका 18 ( c ) में भी स्पष्ट रूप से अंकित है कि The Bank Guarantee for EMD should be valid for not less than 180 days after bid submission end date.<br><br>विदित हो कि निविदा की अंतिम तिथि को बढ़ाये जाने के पश्चात् पुनः सभी अभिलेखों को e-Proc-2 पर पुनः Re-Submitted किया जाना अनिर्वाय है। जिसके उपरान्त ही Bidder का Subimission Successful होता है। निविदाकार Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd द्वारा सभी अभिलेखों को Re-Submitted किया गया परन्तु Extended Bank Guarantee Re-Submitted नहीं किया गया।<br><br>फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कार्य करने में सफल है मेरे स्वामीत्वधीन Total & Plant के रूप में मेरा Working Assets है। इस आधार पर मेरे तकनीकी बीड का सफल करने का अनुरोध है।<br><br>अतः श्रीमान से निवेदन है कि उपरोक्त बिन्दुओं को देखते हुए मेरे निविदा को तकनीकी रूप से सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाय। | निविदाकार Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd द्वारा Section 4, D3, Equipment form EQU में Form में H.M.P का स्वामित्व दर्शाया है। स्वामित्व से संबंधित दो अभिलेख Upload किया गया है। एक अभिलेख यथा H.M.P Maruti Equipments Ltd द्वारा निर्गत Certificate दिनांक–14.08.99 जो Surendra Prasad के पक्ष में निर्गत है जिसमें year of Manufacture-1999 अंकित किया गया है। MBD Section-3 Clause 2.6 में अंकित है कि The Bidder shall own at least One Hot Mix Plant (40-60 Tonne/Hour Capacity) not more than 15 year age. तदनुसार Manufacture-1999 के Certificate को मान्य नहीं किया जा सकता है।<br><br>एक अन्य H.M.P हेतु Dasmesh Enginnering Works द्वारा मात्र एक Undertaking (To Whom it may Concern) दिनांक–06. 01.2013 के द्वारा Sri Surendra Prasad को निर्गत है। जिसके साथ tax Invoice संलग्न | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | नहीं है और ना ही Year of Manufacture अंकित है तदनुसार इस Certificate को भी मान्य नहीं किया जा सकता है।<br><br>फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है। | |
| 3. | **M/s Raja Construction. :-**<br><br>उपर्युक्त विषय के संबंध में निवेदन पूर्वक कहना है कि मेरे द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा में भाग लियाय गया है। दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही (प्रासंगिक पत्र) के द्वारा मुझे विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड में असफल कर दिया गया है। प्रासंगिक पत्र के कंडिका 4 (v) में यह कह गया है कि :– M/s Raja Construction के द्वारा पथ प्रमण्डल, मधेपुरा अंतर्गत Gwalpara to Bihariganj Road in km 0.00 to 9.05 under Road Division, Madhepura का कार्य अपने Existing Commitments of Ongoing Works में नहीं दर्शाया गया है। अतः इनके MBD Section-3, Clause 1.2.3एवं NIT के कंडिका क्रमांक–39 के तहत असफल घोषित होते है, जो नियमानुकूल नहीं है। इस संबंध में निवेदनपूर्वक महोदय से निम्न तथ्यों की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहूँगा :–<br><br>(1) जिस कार्य को कहकर यह कहा गया है कि मेरे द्वारा Existing Commitment में पथ निर्माण विभाग के मधेपुरा प्रमण्डल, के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य को नहीं दर्शाया गया है के संबंध में यह कहना है कि संबंधित कार्य एकरारनामा सं–02CMBD/2018-19 द्वारा कराया जा रहा था, जिसमें कार्य आरंभ करने की तिथि 21.02.2019 और कार्य समाप्ति की तिथि 20.08. 2020 थी। संबंधित कार्य दिनांक–21.05.2023 को संतोषप्रद रूप से कार्य समाप्त किया जा चुका था। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधेपुरा द्वारा उनके पत्रांक–414 दिनांक–22.04.2025 द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र भी निर्गत किया था, (सुलभ प्रसंग उक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न है)।<br><br>मेरे मंशा Existing Commitment Ongoing works छुपाने का नहीं था इसलिए Existing Commitment (B) में इसको नहीं जोड़ा गया यदि इस कार्य का Maintenance (OM+PM) की राशि Existing Commitment (B) में जोड़ा भी जाता है तो मेरे द्वारा समर्पित निविदा के Bid Capacity पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। पुनः मूल्यांकन कर Bid Capacity की गणना करते हुए मुझे सफल घोषित करने की कृपा करें।<br><br>(2) इस संबंध में MBD के Fin-4: में साफ अंकित है कि वैसे कार्य जिसका कार्य समाप्ति का अनुभव प्रमाण–पत्र निर्गत किया जा चुका है Existing Commitment मे नहीं दर्शाना है। FORM FIN-4: Financial Requirements for Current Contract Commitments FORM FIN-4 Bidders (or each Joint Venture Partner) Should provide information on their current commitments on all contracts that have been awarded, or for which a letter of intent or | इनके द्वारा स्वीकार किया गया है कि पथ प्रमण्डल, मधेपुरा से संबंधित कार्य का Existing Commitment में नहीं दर्शाया गया है, यद्यपि मंशा छपाने का नहीं था क्योकि इससे Bidding Capacity पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ रहा है। MBD Section-3 Clause 1.2.3. में स्पष्ट अंकित है कि " The Bidder is to complete form of Current Contract Commitments as part of their Bid for the determination of this value and Current Contract Commitments must be duly certified by the Engineer-in-charge. साथ ही Form Fin-4 (c) में अंकित है कि " The Current Contract Commitments must be duly certified by Engineer-in-charge जो कि MBD के Section 6 Clause 1.22 में Defined है। निविदा के NIT कंडिका–39 में स्पष्ट रूप से भी अंकित है | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | acceptance has been received, or for contacts approaching completion, but for which an unqualified, full completion certificate has yet to be issued."<br><br>(3) इस संबंध में मैं आपका ध्यान MBD के कंडिका–22 पर आकृष्ट करना चाहता हूँ, जो Clarification of bids से संबंधित है। उसके उप कंडिका–22.1 में अंकित है कि :– " To assist in the examination, evaluation, and comparison of the bids, and qualification of the Bidders, the Employer may, at its disberetion, ask any Bidder for a clarification of its bid. Any clarification submitted by a Bidder that is not in response to a request by the Employer shall not be considered. The employer's request for clarification and the response shall be in writing. No change in the prices or substance of the bid shall be sought, offered, or permitted, except to confirm the correction of arithmetic errors discovered by the Employer in the evaluation of the bids, in accordance with ITB 26. "<br><br>उक्त नियम के आलोक में भी भवदीय हमे एक मौका निविदा के तकनीकी मूल्यांकन से पूर्व देने की कृपा करते तो उक्त अल्प आपत्ति का भी निराकरण कराया जा सकता था।<br><br>(4) इस संबंध में मै आपका ध्यान पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्गत पत्रांक–6158 (एस) दिनांक–09.07.2014 की और आकृष्ट करना चाहता हूँ, जो SBD/MBD/CMBD/NH पर आधारित निविदाओं के तकनीकी निष्पादन हेतु Eligibility Criteria से संबंधित है, के आलोक में भी भवदीय के स्तर पर निर्णय अपेक्षित है।<br><br>(5) हमारे द्वारा समर्पित निविदा में Bid Capacity अपलोड है एवं जिस कार्य में Existing Commitment छुपाने का आरोप लगाया गया है वो कार्य निविदा के तिथि के पूर्व कार्य समाप्त किया जा चुका है।<br><br>(6) इस संबंध में मै पूर्व के समरूप मामले में भवदीय कार्यालय का पत्रांक–1822 (अनु0)/पटना दिनांक–30.05.2025 की ओर ध्यान दिलाना चाहूँगा। उक्त पत्र के द्वारा मुझे W/s of Imamganj to Pakri Vio-Kothi Salaiya Road from km. 0.00 to 24.400 के निविदा में सफल घोषित किया गयाथा। परन्तु श्रीकान्त प्रसाद, माननीय सदस्य जनता दल (यू०) क्रियाशील के द्वारा Existing Commitment संबंधित दिये गये परिवाद पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि :–<br><br>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः–<br><br>समीक्षोपरान्त पाया गया कि निविदाकार M/s Raja Construction के निविदा प्राप्ति के प्श्चात् ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, इमामगंज द्वारा आवंटित कार्य को Existing Commitment (B) मं जोड़ने के उपरान्त भी इनका Bid Capacity जो वांछित Bid Capacity की राशि से अधिक था एवं निविदा में सफल घोषित किया गया था।<br><br>साथ ही साथ मुझे यह भी कहना है कि निविदाकार M/s Manisha Construction के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, देवघर से निर्गत Package No.-JH-P3-22-23-DeO-03 (PMGSY-III-Batch-I) का अनुरक्षण कार्य Existing Commitment & Ongoing Works में नहीं दर्शाया गयाय है। जिनको OPRMC-III under Package No.-45A/Gaya, OPRMC-III under Package No- | कि Existing Commitment Engineer-in-charge से निर्गत नहीं होने पर Non-Responsive & Invalid घोषित किया जायेगा।<br><br>इनके द्वारा उक्त Clause के तहत पथ प्रमण्डल, मधेपुरा से संबंधित कार्य को Existing Commitment में नहीं दर्शाया गया है।<br><br>फलतः आपत्ति अमान्य किया जा सकता है। | |

<table>
<tr>
<td></td>
<td>45B/ Gaya में तकनीकी रूप से सफल घोषित किया गया है। Tender ID : 2023_CEJHR_122909_11 (www. pmgsytendersjhr.gov. in) Letter of Acceptance.<br><br>अतः अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों पर विचार करते हुए विधसंगत निर्णय लेकर हमारे द्वारा समर्पित निविदा को तकनीकी रूप से सफल घोषित करने की कृपा की जाय। इस हेतु मै आपका सदा आभारी रहूँगा।</td>
<td>वस्तुतः यह कथन दक्षिण बिहार उपभाग के निविदा से संबंधित है, जिससे संबंधित बीड/अभिलेख इस कार्यालय के पास उपलब्ध नहीं है ना ही आलोच्य निविदा से कोई संबंध है।</td>
<td></td>
</tr>
<tr>
<td>4.</td>
<td>Topline Infra Projects Pvt. Ltd. :-<br><br>उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक मामलें में कहना है कि वर्णित कार्य से संबंधित निविदा में हमारे द्वारा सभी शर्तो को पूरा करते हुए निविदा में भाग लिया गया है।<br><br>दिनांक–14.08.2026 को विभागीय वेबसाईट के माध्यम से हमें जानकारी मिली कि वर्णित कार्य से संबंधित हमारी तकनीकी निविदा को MBD के Section 3; Clause-1.2.3 एवं Clause 1.2.1 (a) के आलोक में असफल घोषित कर दिया गया जिसका आधार यह बनाया गया कि हमारे द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार में कराये जा रहे कार्यो को Existing Commitment के अंतर्गत नहीं दर्शाया गया है जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा RWD अंतर्गत नहीं दर्शाया गया है जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा RWD अंतर्गत कराये जा रहे आठ (08) कार्यो को में Existing Commitment में नहीं दर्शाया गया है। इस प्रकार निविदा में निविदाकार द्वारा Existing Commitment के संबंध में Misleading/False Representation के कारण Commitment की पूर्ण जानकारी नहीं हो पाती है।<br><br>वर्णित संदर्भ में हमें कहना है कि कृपया हमारे निविदा कागजातों का बारीकी से अवलोकन करने की कृपा की जाय जिससे आपको स्पष्ट हो जायेगा कि हमनें अपनी निविदा में FORM FIN-4 के सीरियल नं0–11,12, 15, 16 & 19 में कुल पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्यो जो कि ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित है को दर्शाया है जिसकी सूची निम्नलिखित है :–<br><br>
<table>
<tr><th>Sl</th><th>Name of Contract and Year</th><th>Employer's Contract, (Address, Tel, Fax</th><th>Contract Completion Date</th><th>Outs tanding Contract Value (X)*</th><th>Remaining Contract Period in Months (Y)</th><th>Monthly Finnacial Requirements (X/Y)</th><th>Remarks</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>MRL 14 NH 131A Muzwar Tel to Kadhanpur Via Jhula and Ors Haji Tola Construction of RCC HL Bridge at CH-10+300 In Mazwar Tel to Lakhanpur Via Jhula and Ora Haji Tola</td><td>Executive Engineer. RWD, Works Division Munihari</td><td>15.03.2025</td><td>15.19</td><td>14</td><td>1.08</td><td>Work in Progress E.O.T. Submited up to 14.07.2027</td></tr>
</table>
</td>
<td>निविदाकार द्वारा विषयगत निविदा में अपलोड किये गये Existing Commitment विवरणी के क्रम सं०–19 में अंकित पैकेज सं०–BR18P3FDR13 दर्शाया गया है, जबकि ग्रामीण कार्य विभाग से पूर्व में प्राप्त सूची में उक्त के आलावा अन्य सात पैकेज दृष्टिगोचर हो रहा था, जिसे समिति द्वारा निविदाकार के दर्शाये गये कार्यो के अतिरिक्त समझा गया। निविदाकार से प्राप्त आपत्ति के फलस्वरूप उपभागीय पत्रांक–1381 (अनु0) दिनांक–18.08. 2026 के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–2 के पत्रांक–1905 (अनु0) दिनांक–19.08.2026 द्वारा वर्त्तमान में निविदाकार के विरूद्ध लंबित कार्यो की जो Detail सूची उपलबध करायी गयी है उससे स्पष्ट हो रहा है कि</td>
<td>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत।</td>
</tr>
</table>

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Construction of Bridge From MRL-17-MIRBHITTA To Dhobimia (Massandangi RCC Bridge at. Ch.-5,200 KM (Package No.-BR18P3R105) under PMGSY-III (Tender Id-131246) | Executive Engineer. RWD, Works Division Kishanganj | 12.03.2026 | 25.2 | 24 | 1.05 | Work in Progress E.O.T Submitted up to 21.05.2028 |
| | MRL 12-Govindpur Chowk to Govindpur of RCC HL Bridge in Govindpur Chowk to Govindpur at CH-0.610 | Executive Engineer. RWD, Works Division Munihari | 01.02.2026 | 21.09 | 0 | 0.00 | Work not started due to revised in Design-Drawing and DPR |
| | T-01 NH-131 HAFLA to Pranpur NH-81 | Executive Engineer. RWD, Works Division Munihari | 16.04.2026 | 5.14 | 0 | 0.00 | Work Completed final bill under Process |
| | PKG No. BR18P3FDRI3 | Executive Engineer. RWD, Works Division Kishanganj-2 | 31.07.2026 | 55.92 | 2 | 27.96 | |

इस संदर्भ में हमें पुनः कहना है कि निविदा डालने की तिथि से लेकर आज तक हमारी कंपनी के पास ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित वर्णित पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्य ही Onging है जिसकी सूचना हमारे द्वारा वर्णित Format में निविदा में दी जा चुकी है साथ ही साथ वर्णित सभी कार्य से संबंधित सत्यापन की प्रतियाँ भी वर्णित निविदा में संलग्न किया गया था लेकिन किस आधार पर आपकी निविदा समिति ने आठ कार्यों की बात कही है हमारे समझ से परे है साथ ही हमें यह भी कहना है कि निविदा निर्णय में आठों कार्यों के नाम की भी चर्चा नहीं कि गयी है जो पूरी तरह से Vague हैं अर्थात कहने की आवश्यकता नहीं रह गयी है कि हमारी तकनीकी निविदा को हमारे निविदा कागजातों के बारीकी से अवलोकन किये बिना ही तत्थहीन आधार पर असफल घोषित कर दिया गया जो किसी भी तरह से स्वीकार योग्य नहीं है क्योंकि जब हमारे कंपनी के पास मात्र पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्य ही Ongoing है तक किस आधार पर आठ कार्यों कि हमारी तकनीकी निविदा MBD के Section-3, Clause 1.2.3 एवं Clause 1.2.1 (a) के आधार पर असफल घोषित करने योग्य नहीं है क्योंकि हमारे द्वारा कोई misleading or false representations in the form, Statements and attachment नहीं किया गया है साथ ही साथ हमारे पास कार्य के संदर्भ में पर्याप्त बीड कैपेसिटी है।

अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि वर्णित तथ्यों के आलोक में हमारी तकनीकी निविदा को सफल घोषित करते हुए हमारी वित्तीय बीड को अन्य सफल निविदाताओं के साथ खोलकर निविदा का निस्तार नियमानुकूल करने की कृपा की जाय इसके लिए हम सदा आपके आभारी रहेगें।

निविदाकार द्वारा निविदा में अपलोड की गई विवरणी के क्रम संख्या–19 BR18P3FDR13 वस्तुत एकरारनामा संख्या है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, किशनगंज–2 के पत्रांक–1905 (अनु0) दिनांक–19.08.2026 द्वारा वर्त्तमान में निविदाकार के विरूद्ध लंबित कार्यो की जो Detail सूची उपलब्ध करायी गयी है उससे स्पष्ट हो रहा है कि निविदाकार द्वारा निविदा में अपलोड की गई विवरणी के क्रम संख्या–19 पर वर्णित पैकेज सं0–BR18P3FDR13 वस्तुत एकरारनामा संख्या है, जिसके अंतर्गत विभिन्न पैकेज ससंख्या के कुल सात कार्य समाहित है। फलस्वरूप आपत्ति को मान्य करते हुये Bid Capacity की गणना की गई जो वांछित अर्हता से अधिक है।

फलतः आपत्ति मान्य किया जा सकता है।

7. <u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :-</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त उपभागीय ज्ञपांक– 2439 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में पूर्व में लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुए Topline Infra Projects Pvt. Ltd. का पत्रांक–TLPPL/651/26 दिनांक–15.08.2026 के द्वारा आपत्ति को मान्य करते हुये Topline Infra Projects Pvt. Ltd को निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक– RRC/26-27/201 दिनांक–14.08.2026, Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–शून्य दिनांक–14.08.2026 तथा M/S Raja Construction का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 द्वारा दिये गये परिवाद/आपत्ति को अमान्य होने के फलस्वरूप एवं Topline Infra Projects Pvt. Ltd के आपत्ति मान्य होने के फलस्वरूप निविदाकार Topline Infra Projects Pvt. Ltd को सफल तथा शेष निविदाकारों के संबंध में सफल/असफल घोषित करने के पूर्व के निर्णय को यथावत् रखा जा सकता है।

8. MBD के Section 3, 2.6 के तहत् Bidder को HMP (40-60 TPH Capacity) own करने से संबंधित supporting document निविदा में upload करना है। Shristi Developers Pvt. Ltd. द्वारा supporting document के रूप में Bihar State Pollution Control Board के पत्रांक–314 दिनांक–11.02.2022 द्वारा निर्गत HMP का NOC निविदा में संलग्न किया गया है, जो Shristi Developers Pvt. Ltd. के नाम से निर्गत है। साथ ही Shristi Developers Pvt. Ltd. द्वारा HMP का दिनांक–17.01.2022 का Calibration Certificate निविदा में upload किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि HMP running condition में है। यह प्रमाण–पत्र भी Shristi Developers Pvt. Ltd. के नाम से निर्गत है। इस प्रकार Shristi Developers Pvt. Ltd. द्वारा MBD के Section- 3 Clause 2.6 के आलोक में HMP को own करने से संबंधित Supporting document निविदा में संलग्न किया गया है।

9. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक– RRC/26-27/201 दिनांक–14.08.2026, (2) Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–शून्य दिनांक–14.08.2026, (3) M/S Raja Construction का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य एवं (4) Topline Infra Projects Pvt. Ltd. का पत्रांक–TLPPL/651/26 दिनांक–15.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को मान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) 03 (तीन) निविदाकार (1) M/s Surendra Prasad & Lahri Construction Private Limited को ITB Clause-17 एवं Section 3 : Clause 2.6 Section 4, D.3, Form EQU के आलोक में (2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को MBD के Section 3: Clause 1.2.1 (b) के आलोक में एवं (3) M/s Raja Construction को MBD के Section 3: Clause 1.2.3, Section 3: Clause 1.2.3 4E.10, NIT कंडिका–39 एवं Clause 1.2.1 (a) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(iii) 05 (पाँच) निविदाकार यथा (1) M/s Niranjan Sharma (2) Sri Ram Enterprises एवं (3) Agrawal Infrabuild Private Limited (4) Topline Infra Projects Pvt. Ltd. एवं (5) M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. द्वारा निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते हैं फलस्वरूप तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। द्वारा निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–2439 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

9.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर, पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (अभिषेक पलासिया)<br>संयुक्त सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–145/2026 6086(E) पटना, दिनांक 1/9/26

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।